लोग पार्टी

अपील

स्वतंत्रता के बाद के अनुभवों से यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि देश एवं प्रदेश में व्याप्त सारी अव्यवस्थायें भ्रष्ट, अकुशल, स्वार्थी, अक्षम राजनैतिक व्यवस्था की ही देन है तथा जब तक राजनीति को साफ नहीं किया जायेगा तब तक इस देश एवं प्रदेश की जनता विपन्नता, गरीबी, भ्रष्टचार, अन्याय, गुण्डागर्दी जैसी समस्याओं से जूझती रहेगी तथा फटेहाल तथा नरकीय ज़िन्दगी बिताने के लिये मजबूर रहेगी। गम्भीर विचार–विमर्श के बाद राजनीति को भ्रष्टचार मुक्त करने के लिये देश के सामने **लोग पार्टी** के रूप में एक पूर्ण समाधान और सक्षम राजनैतिक विकल्प प्रस्तुत है।

हम जनता के सामने यह स्पष्ट संकल्प लेकर आ रहे हैं कि हम अपने लम्बे विश्वसनीय, प्रशासनिक कार्यों का अनुभव देश की राजनीति की दशा बदलने में लगायेगें तथा प्रदेश को पूर्णत्या भ्रष्टाचार रहित सुशासन देते हुए विकास की पटरी पर चलायेगें। यह पार्टी कानून व्यवस्था एवं अपराधों से प्रतिदिन परेशान होने वाली जनता को भयविहीन एवं अपराधमुक्त वातावरण देगी। अब समय आ गया है कि प्रदेश में ऐसी पार्टी को शासन करने के लिये चुना जाये जिसका नेतृत्व ईमानदार हो, अनुभवी हो, कुशल हो और प्रदेश की समस्याओं के समाधान करने के लिये दूरदृष्टि भी रखता हो।

लोग पार्टी आगामी चुनाव में सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके लिये पार्टी ईमानदार, निष्ठावान, सत्चरित्र एवं सक्षम प्रत्याशियों को तलाश करके उन्हें चुनाव में खड़ा करने का निर्णय ले चुकी है। हमारा मानना है कि प्रदेशों में ऐसे ईमानदार, निष्ठावान, सत्चरित्र लोगों की कोई कमी नही है जो समाज व देश के हित में कार्य करने की तीव्र इच्छा रखते हैं लेकिन कोई भी राजनैतिक दल ऐसे लोगों को मौका देने को तैयार नही है क्योंकि आज के सभी राजनैतिक दल जाति, धर्म, बाहुबल और काले धन के दलदल में पूरी तरह से डूबे हैं। **लोग पार्टी** ऐसे ही लोगों का आह्वाहन करती है कि वो आगे आयें और राजनीति का अंग बनकर देश एंव प्रदेश की राजनीति को इस दलदल से बाहर निकालें।

यदि आप ऊपर व्यक्त विचारों से सहमत है और चारों तरफ फैले अंधकार, भ्रष्टाचार और बदहाली का अन्त चाहते हैं तो आगे आइये और इस परिवर्तन के दौर में भागीदार बनें और पार्टी के उम्मीदवार बन कर व्यवस्था को बदल दें। इसके लिये कृपया अपने बारे में पूर्ण विवरण जैसे नाम, पिता का नाम, उम्र शैक्षणिक योग्यता, कार्यानुभव यदि कोई हो तो सामाजिक कार्यों का अनुभव के साथ आर्थिक स्थिति के बारे में निम्न पते पर भेजने का कष्ट करें। हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि पार्टी केवल ऐसे प्रत्याशियों का ही चयन करेगी जो ईमानदार हो तथा जिनकी आम साख समाज में अच्छी हो तथा जो दिल से द्वेष, भ्रष्टाचार मिटे इसकी इच्छा रखते हों।

अनुरोध है कि कृपया बिना संकोच के वर्तमान राजनैतिक परिवेश को बदलने के लिये प्रारम्भ किये गये इस प्रयास में जोरशोर से भागीदार बनें।

बस अब बहुत हुआ भ्रष्टाचार और गुण्डागर्दी का दौर, घोटालों, घूसखोरी और संसाधनों का दुरूपयोग अब लोग आ रहे हैं अपना हक़ मांगने, अपने अधिकारों के लिये लड़ने और विकास की राह चुनने।

तो आप भी आईये लोगें के साथ..................

email-logparty2019@gmail.com